सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से दिल्ली में कॉन्स्टिटयूशन क्लब ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित कार रैली के शुभारंभ पर माननीय अध्यक्ष का सम्बोधन

कॉन्स्टिटयूशन क्लब ऑफ इंडिया के द्वारा आयोजित इस कार रैली के अंदर भाग लेने वाले सभी माननीय सांसदगण, सेना, अर्द्धसैनिक, इंडस्ट्री सेक्टर तथा कई सेक्टर के लोग, जो इस कार रैली का इंतजार करते हैं, उन सबको मैं शुभकामनाएं देता हूँ।

इस कार रैली के माध्यम से वे समाज में सड़क सुरक्षा के विषय पर देश की जनता का ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं। यह पूरे भारत देश के लिए चिंता का विषय है। सड़क दुर्घटना को कम करने के लिए सरकार के स्तर पर, स्वयं सेवी संस्थाओं के स्तर पर, एनजीओज़ के स्तर पर तथा जनता के स्तर पर व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं।

इसको जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। हमें स्कूल और कॉलेज में पढ़ने वाले हर नौजवान को सड़क सुरक्षा के बारे में बताना होगा और यह भी बताना होगा कि किस तरीके से इस देश के अंदर चार लाख से भी ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। डेढ़ लाख से ज्यादा हमारे नौजवान जो सड़कों पर चलते हैं, रोजमर्रा के काम करते हैं, चूँकि सड़क दुर्घटना में चाहे कोई गरीब व्यक्ति हो, मध्यम व्यक्ति हो या चाहे बड़ा व्यक्ति हो, वे सब इन दुर्घटनाओं से कहीं न कहीं हमारे बीच में नहीं रहे। अभी हमने पूर्व राष्ट्रपति जी, पूर्व मंत्री जी, सांसद तथा सभी लोगों को याद किया है और उनको श्रद्धांजलि दी है। इस संकल्प के साथ दी है कि हम सड़क दुर्घटनाओं को कैसे कम कर सकते हैं और इसके लिए हमें सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता है।

हमें समाज को जागृत करने की आवश्यकता है, क्योंकि देश के अंदर अब रोड्स अच्छे बनने लगे हैं। हाईवे काफी बड़े स्तर पर बन गए हैं।

इसलिए इसके साथ-साथ हमें सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए व्यापक प्रयास करने की आवश्यकता है। उसके लिए सबसे ज्यादा समाज के लोगों को जागरूक करना होगा। सुरक्षा के लिहाज से नई कारों में फीचर्स आए, लेकिन मोटरसाइकिल पर चलने वाला या साइकिल पर चलने वाले व्यक्ति के लिए अभी कोई सुरक्षा का इंतजाम नहीं है।

इसके लिए बड़े वाहनों को चलाने वाले लोगों को सही से जानकारी देनी होगी और सड़क सुरक्षा के विषय पर हमें कानूनों की सरकारी स्तर पर और निजी स्तर पर कड़ाई से पालना करवानी होगी, ताकि हम देश के अन्दर सड़क सुरक्षा के इस जनजागरण के माध्यम से आने वाले समय में सड़क दुर्घटनाओं को कम कर सकें तथा हमारे देश के किसी भी नौजवान की सड़क दुर्घटना में मृत्यु न हो। इसका हमें सबको मिलकर प्रयास करना है, क्योंकि उस नौजवान के परिवार पर सड़क दुर्घटना के बाद जो बीतती है, वह हम सब जानते हैं।

इस पीड़ा को कम करने के लिए इस कार रैली का आयोजन किया गया है, ताकि लोगों को प्रेरणा मिले। वे सड़क सुरक्षा के मानकों का उपयोग करें। हमें यह ध्यान रखना है कि हम किस तरीके से सड़क पर चलें और दूसरों की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी हो। इस सावधानी से आप गाड़ी चलाएं। आप सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं, बहुत-बहुत धन्यवाद।